an>

title: Need to give scholarships to children belonging to Other Backward Classes.

श्री ओम बिरला (कोटा) : सभापति महोदय, सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से अन्य पिछड़े वर्गों के लिए राष्ट्रीय आयोग का गठन किया गया है। इस आयोग को संवैधानिक दर्जा देने के लिए मैं माननीय प्रधान मंत्री जी का बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। अन्य पिछड़े वर्ग के छात्रों को जो छात्रवृत्ति दी जाती है, वह बी.पी.एल. परिवार, गरीब महिलाओं एवं विधवाओं के बच्चों को भी नहीं मिल पाती है। इसमें केंद्र एवं राज्य सरकार का अंशदान 50: 50 प्रतिशत का होता है। मेरी मांग है कि जिस तरीके से एस.सी. एवं एस.टी. के छात्रों को पढ़ने के लिए छात्रवृत्ति दी जाती है, उसी प्रकार से ओ.बी.सी. के बच्चों को भी उत्तर-मैट्रिक एवं मैट्रिक के लिए छात्रवृत्ति दी जाए, ताकि इस वर्ग के सभी बच्चे निर्बाध रूप से पढ़ाई कर सकें।

माननीय सभापति :

श्री कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल,

श्री देवजी एम. पटेल,

श्री भैरों प्रसाद मिश्र और

श्री राहुल कस्वां को श्री ओम बिरला द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।